# CGBSE
## आदर्श प्रश्न पत्र 2025–26
## कक्षा – 10वीं
## विषय – सूचना प्रौद्योगिकी (902)

पूर्णांक –100 | समय –3 घण्टे

---

नोट– सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य हैं।

निर्देश –

01. प्रश्न क्र0–1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है जिसमें तीन खण्ड होंगे :–
    (i) खण्ड–अ'' में 05 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) है। प्रत्येक में 01 अंक निर्धारित है।
    (ii) खण्ड–''ब'' में 05 में रिक्त स्थान होंगे। प्रत्येक में 01 अंक निर्धारित है।
    (iii) खण्ड–''स'' में 05 एक वाक्य में उत्तर दीजिए। प्रत्येक में 01 अंक निर्धारित है।
02. प्रश्न क्र0– 02 से प्रश्न क्र0– 06 तक लघुउत्तरीय प्रश्न(SA-I) होगें। प्रत्येक में 02 अंक निर्धारित हैं शब्द सीमा 30–50 शब्द होगें।
03. प्रश्न क्र0– 07 से प्रश्न क्र0– 12 तक लघुउत्तरीय प्रश्न ( SA-II) होगें। प्रत्येक में 03 अंक निर्धारित है।शब्द सीमा 50–75 शब्द होगें।
04. प्रश्न क्र0–13 से प्रश्न क्र0–17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न (LA-I) होगें। प्रत्येक में 04 अंक निर्धारित है।शब्द सीमा 75–100 शब्द होगें।
05. प्रश्न क्र0– 18 से प्रश्न क्र0– 22 दीर्घउत्तरीय प्रश्न (LA-II) होगें।प्रत्येक में 05 अंक निर्धारित है।शब्दसीमा 100–150 शब्द होगें।
06. प्रश्न क्र0– 23 से प्रश्न क्र0– 24 दीर्घउत्तरीय प्रश्न (LA-II) होगें।प्रत्येक में 06 अंक निर्धारित है।शब्द सीमा 150–200 शब्द होगें।

---

प्रश्न 01: खण्ड – (अ) निम्न में से सही विकल्प चुनकर लिखिए। [1x5=5]

(i) निम्नलिखित में से कौन–सा संचार प्रक्रिया चक्र के अंदर संचार का तत्व नहीं है?
(अ) चैनल (ब) प्राप्तकर्ता
(स) प्रेषक (द) समय

(ii) दूसरों को खुश किए बिना आप काम या पढ़ाई पूरा करते हैं, वह उदाहरण है':
(अ) आत्मविश्वास का (ब) संचार का
(स) स्व–प्रेरणा का (द) स्व–सम्मान का

(iii) माउस का उपयोग करते हुए निम्नलिखित में से कौन सा कार्य नहीं किया जा सकता है?
(अ) टर्न ऑन (ब) होवर
(स) राइट क्लिक (द) ड्रैग और ड्रॉप

(iv) भारती ने किस स्थानीय संसाधन का उपयोग किया है?
(अ) रेत (ब) पानी
(स) जूट (द) लोहा

(v) स्प्रेडशीट में हायपरलिंक का शॉर्टकट है:
(अ) ctrl+h (ब) ctrl+k
(स) ctrl+l (द) ऊपर के सभी

खण्ड – (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। [1x5=5]

(i) फोकस और समय पर कार्यों को करने से आप ........................ मुक्त हो जाते हैं।
(ii) TOC का पूरा नाम ........................... है।
(iii) स्प्रेडशीट में परिवर्तित सेल का बॉर्डर रंग ........................... होगा।
(iv) DBMS का पूरा नाम ............................. है।
(v) कम्प्यूटर पर कार्य करते समय मॉनिटर को कम से कम ......................... इंच की दूरी पर रखना चाहिए।

खण्ड – (स) एक वाक्य में उत्तर दीजिए। [1x5=5]

(i) संचार प्रक्रिया में प्रेषक कौन होता है?
(ii) BIOS का पूरा नाम लिखिए।
(iii) स्टाइल मेनू को एक्सेस करने के लिए किस फंक्शन कुंजी का उपयोग किया जा सकता है?
(iv) कार्य स्थल सुरक्षा हेतु किन दो व्यक्तियों की जिम्मेदारियां बनती हैं?
(v) इमेज के गैर वांछनीय हिस्से को काटने के लिए किस विकल्प का उपयोग किया जाता है?

प्रश्न – 2 डेटाबेस क्या है? [2]
प्रश्न – 3 डिजिटल इमेज से क्या अभिप्राय है? [2]
प्रश्न – 4 सफल उद्यमियों के दो गुण लिखिए। 1+1=2
प्रश्न – 5 प्राइमरी की क्या है? [2]
प्रश्न – 6 ट्रेक चेंज का उपयोग क्या है? [2]
प्रश्न – 7 स्थायी विकास से जुड़ी 3 समस्याओं क्या है? 1+1+1=3
प्रश्न – 8 नियोक्ता कौन है? नियोक्ता की 2 जिम्मेदारियां बताइए। [1+2=3]
प्रश्न – 9 मैक्रो किस मेनू मे आता है? मैक्रो की उपयोगिता क्या है? [1+2=3]
प्रश्न – 10 मौखिक संचार क्या है? मौखिक संचार के कोई 2 लाभ लिखिए। [1+2=3]
प्रश्न – 11 लिब्रे ऑफिस केल्क में स्प्रेडशीट साझा करने के महत्व का वर्णन कीजिए। [3]
प्रश्न – 12 आईटी कार्य वातावरण में कौन–कौन से संसाधनो की आवश्यकता होती है? [3]
प्रश्न – 13 निम्न को समझाइए: 1. लॉग इन 2. लॉग आउट [2+2=4]

अथवा

निम्न को समझाइए: 1. सॉफ्टवेयर 2. हार्डवेयर।

प्रश्न – 14 टेम्प्लेट क्या है? लिब्रे ऑफिस राइटर में टेम्प्लेट कैसे बनाते हैं? [2+2=4]
प्रश्न – 15 देखने की समस्या को कम करने के उपायों का उल्लेख कीजिए। [4]

अथवा

कम्प्यूटर पर कार्य करते हुए स्वास्थ्य संबंधी किन–किन बातों पर ध्यान देना चाहिए।

प्रश्न – 16 टेक्स्ट रैपिंग क्या है? किन्हीं तीन टेक्स्ट रैपिंग टूल का विश्लेषण कीजिए। [2+2=4]
प्रश्न – 17 रिव्यु क्या है? लिब्रे ऑफिस केल्क में रिव्यु हेतु ट्रेक चेंज की प्रक्रिया का मूल्यांकन कीजिए। [2+2=4]

अथवा

रिव्यु क्या है? लिब्रे ऑफिस केल्क में रिव्यु के अंतर्गत किए गए परिवर्तन को स्वीकार या अस्वीकार करने की प्रक्रिया का मूल्यांकन कीजिए।

प्रश्न – 18 फाईल क्या है? फाईल बनाने की प्रक्रिया लिखिए। [2+3=5]

अथवा

फोल्डर क्या है? फोल्डर बनाने की प्रक्रिया प्रक्रिया लिखिए

प्रश्न – 19 स्टाइल क्या है? लिब्रे ऑफिस राइटर में स्टाइल इन्सर्ट करने की विधि का विश्लेषण कीजिए। [2+3=5]

अथवा

TOC क्या है? समीक्षको के द्वारा दस्तावेज मे टिप्पणी देने के बाद मूल दस्तावेज से तुलनात्मक अध्ययन कैसे करेंगे?

प्रश्न – 20 डेटा सुरक्षा से आप क्या समझते हैं? डेटा को सुरक्षित रखने के उपायों की व्याख्या कीजिए । [2+3=5]

अथवा

वायरस से आप क्या समझते हैं? वायरस के प्रकार एवं इनसे होने वाले नुकसानों की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न – 21 डेटा बेस क्या है? लिब्रे ऑफिस बेस मे निम्नलिखित तालिका की रचना कीजिए। [2+3=5]

| Roll Number | Student Name | Class | Date of Birth |
|---|---|---|---|
| 913 | Ram Singh | 10 | 06/04/2010 |
| 914 | Shyam Sengar | 10 | 10/07/2012 |

अथवा

डेटा मॉडल क्या है? उदाहरण देकर किसी एक डेटा मॉडल की रचना कीजिए।

प्रश्न – 22 डेटा समेकन क्या है? लिब्रे ऑफिस केल्क में डेटा समेकन की व्याख्या कीजिए। [2+3=5]

अथवा

परिदृश्य (व्हाट–इफ–एनालिसिस) क्या है? लिब्रे ऑफिस केल्क में परिदृश्य बनाने की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न – 23 मैक्रो क्या है? प्रक्रिया लिखिए– 1. मैक्रो रिकॉर्ड 2. मैक्रो रन। [3+3=6]

अथवा

टिप्पणी (कमेन्ट) क्या है? प्रक्रिया लिखिए– 1. टिप्पणी जोड़ना 2. टिप्पणी हटाना।

प्रश्न – 24 की–बोर्ड क्या है? की–बोर्ड कन्ट्रोल कीज व नेवीगेशन कीज के कोई 2–2 उपयोग लिखिएं। [2+2+2=6]

अथवा

माउस क्या है? माउस के ड्रेग व ड्रॉप के कोई 2–2 उपयोग लिखिएं।